तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 9 जनवरी 2026

12 भागवत में गौ सेवा व सनातन धर्म की रक्षा पर दिया संदेश



11 ग्राम गैजी में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना ...





# धान उठाव में लापरवाही से किसानों को हुई परेशानी, केंद्र में एक दिन खरीदी बंद रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुसुमकसा

आदिम जाति सेवा सहकारी समिति कुसुमकसा के धान खरीदी केंद्र कुसुमकसा में समर्थन मूल्य पर खरीदी गई धान का उठाव का डीओ कटने के बाद भी राइस मिलर्स द्वारा धान का उठाव ना करने का खामियाजा 8 जनवरी को धान बेचने वाले किसानों को भुगतना पड़ा।

■ समय पर उठाव होता तो नहीं आती खरीदी बंद करने की नौबत

क्योंकि धान का उठाव ना होने से जगह की कमी के चलते गुरुवार 8 जनवरी को एक दिन के लिए धान खरीदी बंद किया गया। जिसका खामियाजा लंबे समय से अपना टोकन का नंबर आने पर गुरुवार 8 जनवरी को धान बेचने वाले किसानों को भुगतना पड़ा। क्योंकि टोकन कटे तिथि में धान खरीदी बंद होने से उनका टोकन को आगे के तिथियों में थोड़ा थोड़ा करके समाहित किया जाएगा।

जिससे वह अपना नंबर आने का और इंतजार करना पड़ेगा ,जगह के अभाव के चलते 7 जनवरी को धान उपार्जन केंद्र के बाहर सड़क पर ही धान की खरीदी की गई थी और खरीदा गया धान को बाहर ही रैक किया गया था। मिली जानकारी के अनुसार आदिम जाति सेवा सहकारी समिति कुसुमकसा के धान उपार्जन केन्द्र शिकारीटोला से धान उठाव हेतु राइस मिलर्स के नाम पर 27-12-2025 को 560 क्विंटल सरना धान ,2- 01-2026 को मोटा धान 350क्विंटल व पतला धान 1680 क्विंटल ,5-01-2026 को सरना धान 1400 क्विंटल ,6- 01-2026 को पतला धान 7490 क्विंटल व मोटा धान 1300 क्विंटल का डीओ कटा हुआ था। किंतु राइस मिलर्स द्वारा तय सीमा में जब डीओ कटा था धान का उठाव कर लिया होता तो धान खरीदी बंद नहीं करना पड़ता और किसानों को परेशानी नहीं होती। धान खरीदी बंद होने से अधिकारियों के दबाव के चलते गुरुवार को आठ - दस ट्रको में धान का उठाव किया गया है। जिसके कारण धान खरीदी केंद्र में जगह होने से शुक्रवार 9 जनवरी को जिन किसानों का टोकन कटा है उनका धान खरीदा जाएगा किसानों ने धान का उठाव की गति को बढ़ाने की मांग की है। ▶▶ शेष पेज 11 पर

### डीओ कटने के बाद भी राइस मिलर्स ने नहीं किया धान उठाव



## खबर संक्षेप

### राज्यपाल डेका 9 को जिले के प्रवास पर रहेंगे



**बालोद।** राज्यपाल रमेन डेका शुक्रवार 09 जनवरी को बालोद जिले के एक दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। राज्यपाल डेका अपने एक दिवसीय प्रवास के दौरान शुक्रवार 09 जनवरी को भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम दुधली में आयोजित प्रथम नेशनल रोवर रेंजर जंबूरी के शुभारंभ समारोह में शामिल होंगे। जारी किए गए प्रवास कार्यक्रम के अनुसार डेका दोपहर 01:30 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा पुलिस परेड ग्राउंड रायपुर से प्रस्थान कर दोपहर 01.55 बजे हेलीपैड ग्राम दुधली में पहुँचकर सड़क मार्ग द्वारा दोपहर 02 बजे प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी स्थल में पहुँचेंगे। राज्यपाल डेका ग्राम दुधली में आयोजित प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी के शुभारंभ समारोह में शामिल होने के पश्चात दोपहर 03:10 बजे हेलीपैड ग्राम दुधली से पुलिस परेड ग्राउंड रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### रोवर रेंजर जंबूरी में जनता के लिए डे विजिटर पास की व्यवस्था

**बालोद।** जिला मुख्यालय बालोद के समीपस्थ ग्राम दुधली में 09 से 13 जनवरी तक आयोजित होने वाली प्रथम नेशनल रोवर रेंजर जंबूरी आम जनता की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु समुचित व्यवस्था की गई है। जिससे कि आम नागरिकगण जंबूरी स्थल में पहुँचकर इस प्रथम प्रथम नेशनल रोवर रेंजर जंबूरी के गतिविधियों का अवलोकन कर सकेंगे। इसके लिए जंबूरी में अवलोकन हेतु आने वाले आगंतुकों को डे विजिटर पास जारी कर जंबूरी में प्रवेश दिया जाएगा। आगंतुकगण जंबूरी स्थल के कंट्रोल रूम में अपना वैध पहचान पत्र एवं आधार कार्ड प्रस्तुत कर जंबूरी के अवलोकन कर डे विजिटर पास प्राप्त कर सकते हैं।

### त्रि-दिवसीय मानस गान सम्मेलन की भव्य शुरुआत

**गुरूर।** ग्राम कुलिया में 8 जनवरी से 10 जनवरी तक त्रि दिवसीय सस्वर संगीतमय मानस गान सम्मेलन आयोजन किया गया है। जिसके उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरुर सुनीता संजय साहू थी। अध्यक्षता कृषि सभापति जिला पंचायत बालोद तेजराम साहू ने किया। विशेष अतिथि उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गुरुर दुर्गानंद साहू, कृषि सभापति जनपद पंचायत गुरुर नरेश साहू, जनपद पंचायत गुरुर संतोषी साहू, मंडल अध्यक्ष मिरीटोला टुकेश्वर पांडेय, सरपंच ग्राम पंचायत कुलिया धर्मेंद्र साहू, ग्रामीण अध्यक्ष संतराम नागवंशी, ग्राम पटेल हेमंत प्रसाद दुबे उपस्थित थे।

## आयोजन : जुटेंगे देश-विदेश के 15 हजार स्काउट-गाइड

# राज्यपाल डेका आज नेशनल रोवर-रेंजर का करेंगे शुभारंभ, होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिले को लगातार मिल रहे उपलब्धियों की फेहरिस्त में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स नई दिल्ली के तत्वावधान में जिला मुख्यालय बालोद के ग्राम दुधली में 09 से 13 जनवरी तक आयोजित प्रथम नेशनल रोवर रेंजर जंबूरी के वृहद एवं भव्य आयोजन के माध्यम से एक और महत्वपूर्ण उलपब्धि जुड़ने जा रही है।

जिले में आयोजित इस प्रथम नेशनल रोवर रेंजर जंबूरी के शुभारंभ समारोह के मुख्य अतिथि राज्यपाल रमेन डेका के द्वारा शुक्रवार 09 जनवरी को अपरान्ह 12.30 बजे कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत स्काउट गाइड के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. अनिल जैन करेंगे। कार्यक्रम में अति विशिष्ट के रूप में प्रदेश के स्कूली शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव, कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भोजराज नाग, भारतीय स्काउट गाइड के मुख्य राष्ट्रीय आयुक्त डॉ. केके खण्डेलवाल सहित संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र के विधायक संगीता सिन्हा, डौण्डीलोहारा विधानसभा क्षेत्र के विधायक अनिला भेड़िया, गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुंवर सिंह निषाद के अलावा कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्य लघु वनोपज संघ के उपाध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा, जनपद पंचायत डौण्डीलोहारा के अध्यक्ष कांति सोनबरसा, भारत स्काउट गाइड के मुख्य राज्य आयुक्त इंदरजीत सिंह खालसा एवं ग्राम पंचायत दुधली की सरपंच पिलेश्वरी नेताम उपस्थित रहेंगी। 12 जनवरी को कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। ▶▶ शेष पेज 11 पर

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रहेगी धूम

ज्ञातव्य हो कि पूरे देश में पहली बार आयोजित होने जा रहे इस प्रथम नेशनल रोवर, रेंजर जंबूरी में छत्तीसगढ़ राज्य के 04 हजार 252 रोवर रेंजर सहित देश विदेश के कुल 15 हजार रोवर, रेंजर एवं सीनियर स्काउट गाइड शामिल होंगे। इस पांच दिवसीय आयोजन के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य सहित देश के विभिन्न राज्यों के प्रतिभागियों के अलावा अन्य देशों से आए रोवर, रेंजर के द्वारा भव्य एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। इसके माध्यम से देश में आयोजित हो रहे समारोह में छत्तीसगढ़ी एवं भारतीय संस्कृति के साथ–साथ वैश्विक संस्कृति की अनुपम बानगी भी देखने को मिलेगा।

### इनकी रहेंगी उपस्थिति

9 से 13 जनवरी तक अलग–अलग दिवसों में आयोजित समारोह में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री अरूण साव, प्रदेश के वनमंत्री केदार कश्यप, वित्त मंत्री ओपी चौधरी के अलावा जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर, राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन, भारत स्काउट गाइड के जिला मुख्य आयुक्त राकेश यादव, देवलाल ठाकुर, जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, नगर पंचायत डौण्डीलोहारा अध्यक्ष लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम, नगर पालिका परिषद बालोद अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा अध्यक्ष तोरण साहू, डोमार सिंह कुंवर, जिला पंचायत सदस्य प्रभा नायक, भारत स्काउट गाइड राष्ट्रीय उपाध्यक्ष केपी मिश्रा, सेकेरेटरी जनरल प्रेसिडेंट इन काउंसिल जीपीआर सिंधिया, भारत स्काउट गाइड छत्तीसगढ़ के कोषाध्यक्ष हेमंत देवांगन, एथलेटिक संघ प्रदेश उपाध्यक्ष सौरभ लुनिया, भुनेश्वरी ठाकुर, कुसुम शर्मा ▶▶ शेष पेज 11 पर

# सरपंच संघ ने 15वें वित्त एवं अन्य मद की राशि के तत्काल भुगतान की मांग को लेकर किया धरना-रैली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

सरपंच संघ तहसील बालोद ने 15वें वित एवं अन्य मद की राशि तत्काल प्रदान करने की मांग को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन एवं रैली बस स्टैड बालोद में आयोजित की गई। धरना के बाद अनुविभागीय अधिकारी व राजस्व विभाग बालोद को ज्ञापन सौपा। सरपंचगण विधायक संगीता सिन्हा से मिले एवं उन्हे अपनी पीड़ा बताते हुए आगामी बजट सत्र में इस मुद्दे को उठाने की मांग की।

■ अनुविभागीय अधिकारी एवं राजस्व विभाग को सौंपा ज्ञापन

इस दौरान सरपंच संघ तहसील बालोद के सरपंच व ग्राम पंचायत के वार्डो के पंचो द्वारा रैली के रूप में तहसील कार्यालय बालोद पहुंची जहां 10 सुत्रीं मांगो को लेकर ज्ञापन सौपा गया। गौरतलब है कि विधायक संगीता सिन्हा ने बीते विधानसभा सत्र में पंचायतो को 15वें वित्त की राशि नही मिलने का मुद्दा विधानसभा में उठाया था। ज्ञापन में मांग किया गया है कि ग्राम पंचायत में राशि नही होने के कारण विभिन्न निर्माण करने एवं आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा हैं। 15वें वित की बध्य एवं अबध्ध अनुदान राशि को तत्काल डाला जाए। सुशासन तिहार में आए आवेदनो का निराकरण कर हितग्राहियो की स्वीकृति आदेश जारी किया गया है, उक्त हितग्राहियो के द्वारा शौचालय निर्माण पूर्ण कर जियो टेग किया गया। जिसकी राशि अभी तक नही मिली है। मनरेगा के मटेरियल का राशि भुगतान की जाए। समस्त सरपंचो का ▶▶ शेष पेज 11 पर

# 69 वर्षों बाद कबीर पंथी साहू समाज का प्रदेश स्तरीय अधिवेशन का आज होगा भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुण्डरदेही

क्षेत्र मे 69 साल बाद छत्तीसगढ कबीर पंथी साहू समाज का प्रदेश स्तरीय वार्षिक अधिवेशन व युवक युवती परिचय सम्मेलन गुण्डरदेही में 9, 10 व 11 जनवरी को साहू सदन के पास किया जा रहा है।

तीन दिवसीय कार्यक्रम मे प्रथम दिवस सदगुरु कबीर सत्संग समारोह मे विभिन्न प्रांत एंव गुरुजनो का आगमन होगा, द्वितीय व तृतीय दिवस मे प्रदेश के सभी जिला से सभी वर्ग के स्वजातीय बंधु का आगमन होगा। जिसमे पुरुष, महिला, युवक, युवती, छात्र छात्राएं, बालक बालिका कार्यक्रम मे शामिल होगे। इस कार्यक्रम मे युवक युवती परिचय सम्मेलन व विशिष्ट जनो का सम्मान होगा, कार्यक्रम मे प्रतिदिन संगीतमय कबीर भजन, कबीर प्रश्नमंच प्रतियोगिता, युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। प्रतिभा सम्मान मे ग्राम जोरातराई वर्तमान निवास धनोरा के डिप्टी कलेक्टर देवेश कुमार साहू में चयनित हुआ जो कि राज्य प्रशासनिक सेवा मे प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वही ग्राम मतवारी की बेटी निलिमा साहू ने संघ लोक सेवा परीक्षा मे आईएएस कलेक्टर बनकर वर्तमान मे सीईओ जिला पंचायत नवादा बिहार में कार्यरत है। वही ग्राम पेड्री निवासी डां डीआर साहू प्रोफेसर एंव वैज्ञानिक बनारस हिन्दु विश्व विद्यालय मे कार्यरत है। वर्तमान मे रिसर्च के लिए ताइवान गए हुए है। इनका भी ▶▶ शेष पेज 11 पर

■ युवक–युवती परिचय सम्मेलन रहेगा विशेष आकर्षण

■ डिप्टी कलेक्टर देवेश कुमार साहू व आईएएस नीलिमा साहू होंगे सम्मानित

# मुख्यमंत्री 12 को गुण्डरदेही में करोड़ों के विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुण्डरदेही



नगर पंचायत गुण्डरदेही में मुख्यमंत्री के प्रवास की तिथि अब 12 जनवरी को सुनिश्चित कर दी गई है, मुख्यमंत्री का आगमन 8 जनवरी को प्रस्तावित था।

अब मुख्यमंत्री 12 जनवरी गुण्डरदेही आएगे, इस दिन मुख्यमंत्री क्षेत्रवासियों को 100 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाले कार्यों की सौगात देंगे, जिसमें बहुप्रतीक्षित ओवरब्रिज और अटल परिसर जैसे प्रमुख प्रोजेक्ट्स शामिल हैं। लोकार्पण और भूमिपूजन के तहत यातायात की समस्या को दूर करने के लिए 54 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले ओवरब्रिज का शिलान्यास किया जाएगा। गर की नई पहचान बनने वाले अटल परिसर का भव्य लोकार्पण होगा। साहू, सोनकर, मुसलमान व ढीमर समाज के लिए 55 लाख रुपए की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवनों का भूमिपूजन किया जाएगा। ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट और शहर में फुटपाथ निर्माण कार्यों की शुरुआत की जाएगी। इनके आलावा गुण्डरदेही विधानसभा अंतर्गत आने वाले विभिन्न विकास कार्यों का सामूहिक लोकार्पण एवं भूमिपूजन शामिल है। प्रशासनिक स्तर पर तैयारियों का जायजा लेने एडिशनल कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक, एडिशनल एसपी, एसडीओपी पीडब्ल्यूडी और थानेदार ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया।

सुरक्षा घेरे से लेकर मंच की मजबूती तक हर पहलू पर चर्चा की गई।नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने बताया कि 12 जनवरी का दिन गुण्डरदेही के इतिहास में दर्ज होगा। उन्होंने कहा 54 करोड़ का ओवरब्रिज और अटल परिसर जैसे प्रोजेक्ट्स नगर की तस्वीर बदल देंगे। सभी समाजों के लिए सामुदायिक भवनों की घोषणा से हर वर्ग में खुशी की लहर है।

## महिला समूह और जिला सहकारी संघ प्रतिनिधि सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे

# उपाध्यक्ष यज्ञदत्त ने दुगली लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ के उपाध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा ने धमतरी जिला के दुगली में संचालित लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं प्रशिक्षण केंद्र, दुगली धमतरी, छत्तीसगढ़ का निरीक्षण किया। इस अवसर पर शर्मा ने महिला समूह की दीदीयों से चर्चा भी की।

■ स्थानीय उत्पादों के प्रसंस्करण से आय और स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी

जहां महिला समूह की सदस्यों ने उन्हें खरीदी, प्रसंस्करण तथा बिक्री प्रक्रिया की विस्तारपूर्वक जानकारी दी, उपाध्यक्ष शर्मा ने कहा कि वनांचल में प्रचुरता से उपलब्ध स्थानीय उत्पादों के प्रसंस्करण पर कार्य करें, हम हर संभव सहायता करेंगे जिससे आय में वृद्धि के साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी गति प्राप्त होगी। जागृति बालिका स्व सहायता समूह एवं जय मां बम्लेश्वरी स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित किये जा रहे विभिन्न उत्पादों साबुन, जेल, कंडीशनर, आंवला, एलोवेरा जूस की प्रसंस्करण इकाई का निरीक्षण कर शर्मा ने समूह की महिलाओं का उत्साहवर्धन भी किया। इस दौरान यहां महिला स्व–सहायता समूहों द्वारा किए जा रहे उत्पादों के प्रसंस्करण का जायजा लेते हुए उन्होंने कहा कि मूल्यवर्धन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार का मूल उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि, उपवास में फलाहार हेतु उपयोग किये जाने वाले तिखूर के निर्माण का कठिन परिश्रम एवं भावनात्मक लगाव देखा। ज्ञात रहे तिखूर बनाने की प्रक्रिया अत्याधिक जटिल है। प्रक्रिया के दौरान कई बार इसे धोना पड़ता है। भ्रमण के दौरान उपाध्यक्ष शर्मा ने वनोपज संघ द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारी ली। इस अवसर पर बालोद जिला सहकारी संघ प्रतिनिधि विनोद कौशिक, समूह से अंबिका मंडावी, मंजूलता धुरव, रंभा टेकाम, भावना मरकाम, मिथिला नेताम, सुनीता वट्टी, किरण धुरव, मधु मरकाम, बिन्देसरी सलाम तथा सुपरवाइजर आयशा परवीन व प्रबंधक सुरेश साहू, रंजन कुलदीप सहित महिला स्व–सहायता समूह की सदस्य उपस्थित थे। ▶▶ शेष पेज 11 पर



# कलेक्टर मिश्रा ने धान खरीदी केंद्रों का किया आकस्मिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जिले के डौण्डी विकासखण्ड के वनांचल के ग्राम घोटिया, पटेली, कुआगोंदी एवं सुरडोंगर धान खरीदी केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

■ नमी मापक यंत्र से धान की गुणवत्ता की जांच

इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारी–कर्मचारियों एवं समिति प्रबंधकों को धान खरीदी के कार्य को व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने तथा रकबा समर्पण के कार्य को विशेष प्राथमिकता के साथ पूरा कराने के निर्देश दिए। मिश्रा ने धान खरीदी कार्य में लगे अधिकारी–कर्मचारियों को केवल साफ–सुथरे एवं गुणवत्तायुक्त धान की खरीदी सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने धान खरीदी केन्द्रों में गणना योग्य स्टेक बनाने के भी निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने दस्तावेजों का अवलोकन कर धान खरीदी केन्द्रों के अंतर्गत शामिल गांव के औसत पैदावार, मौजूदा खरीफ विपणन वर्ष में धान खरीदी के कुल लक्ष्य, अब तक खरीदे गए धान की कुल मात्र, रकबा सत्यापन आदि के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने धान खरीदी केन्द्रों में किसानों द्वारा बिक्री हेतु लाए गए धान का भी अवलोकन किया। इसके अलावा उन्होंने नमी मापक यंत्र के माध्यम से धान की नमी की भी जांच कराया। ▶▶ शेष पेज 11 पर



## खबर संक्षेप



### ओम सत्यम शिक्षण व जनविकास समिति ने डॉ. सिंह को किया सम्मानित

दुर्ग। छत्तीसगढ़ विधानसभा सभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को ओम सत्यम शिक्षण एवं जन विकास समिति ने सम्मानित किया। शंकर नगर रायपुर स्थित निवास स्थान में प्रदेश प्रशिक्षण विभाग प्रभारी भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा नीलकंठ गढ़े, समिति अध्यक्ष सीताराम ठाकुर, सचिव दिलीप ठाकुर तिवारी ने राज्य के रजत जयंती वर्ष पर उद्घाटित नव निर्मित विधानसभा के निर्माण एवं संरचना में सक्रिय एवं महत्वपूर्ण भूमिका के लिए स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। डॉ. सिंह ने इस सम्मान के लिए समिति के सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

### मनरेगा से जिले में 49,126 ग्रामीण मजदूरों को मिल रहा रोजगार

दुर्ग। जिले में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत व्यापक स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। वर्तमान में जिले की 300 ग्राम पंचायतों में से 294 ग्राम पंचायतों में मनरेगा के विभिन्न प्रकार के कार्य संचालित किए जा रहे हैं, जिनसे 49,126 ग्रामीण मजदूरों को रोजगार मिल रहा है। इन कार्यों के लिए कुल 1,642 मस्टर रोल जारी किए गए हैं। धमधा में मनरेगा के तहत सर्वाधिक रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। यहां 25,298 मजदूरों को रोजगार मिला है तथा 586 मस्टर रोल जारी किए गए हैं। धमधा क्षेत्र की 119 ग्राम पंचायतों में से 115 ग्राम पंचायतों में वर्तमान में कार्य चल रहे हैं।
पाटन के 108 ग्राम पंचायतों में 14,997 मजदूरों को रोजगार प्रदान किया जा रहा है। 564 मस्टर रोल जारी किए गए हैं। वहीं दुर्ग के 71 ग्राम पंचायतों में 8,831 मजदूरों को रोजगार मिला है, जिसके लिए 709 मस्टर रोल जारी किए गए हैं। सीईओ बजरंग कुमार दुबे ने बताया कि मजदूरों की मांग के आधार पर गत वर्ष की तुलना में लगभग तीन गुना अधिक मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। जन-जागरूकता अभियान चलाकर मजदूरों को निरंतर रोजगार से जोड़ा जा रहा है।

# जर्मनी की हाईटेक मशीनों से होगी स्मार्ट मीटर की जांच

## प्रबंधक निदेशक भीमशंकर ने किया केंद्रीय परीक्षण में दो नई स्मार्ट मीटर बेंचों का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

अब स्मार्ट मीटर संबंधी शिकायतों का समाधान और उनकी सटीकता की जांच भिलाई में ही हो सकेगी।

ज्ञात हो कि पूरे प्रदेश में पहले केवल एक ही मीटर परीक्षण प्रयोगशाला भिलाई में स्थापित थी, जहां उपलब्ध एक ही बेंच पर पूरे प्रदेश के सभी प्रकार के मीटरों का परीक्षण किया जाता था। पूरे प्रदेश की मीटरों की जांच करने में समय लगता था, इसलिए राज्य सरकार ने पॉवर कंपनी के प्रस्ताव पर 6 करोड़ 82 लाख रुपए की लागत से प्रदेश के रायपुर एवं बिलासपुर में नई मीटर टेस्टिंग लैब एवं भिलाई में पूर्व से स्थापित लैब की क्षमता वृद्धि की स्वीकृति प्रदान की। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक भीम सिंह कंवर ने भिलाई-तीन स्थित केंद्रीय परीक्षण प्रयोगशाला मीटर टेस्टिंग लैब में 6 जनवरी 2025 को लगभग 2 करोड़ 27 लाख रुपये की लागत से स्थापित दो नई स्मार्ट मीटर बेंचों का उद्घाटन किया। प्रयोगशाला में पूर्व से ही स्थापित बेंच पर एक साथ 20 मीटरों की जांच की जा सकती है। अब प्रयोगशाला में कुल तीन बेंच हो गए हैं। जिससे प्रयोगशाला की क्षमता बढ़ गई है, अब एक साथ 60 मीटरों की जांच की जा सकती है। उल्लेखनीय है कि यह छत्तीसगढ़ की पहली प्रयोगशाला है जिसे राष्ट्रीय परीक्षण और शोधन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड एनएबीएल से मान्यता प्राप्त है। यहाँ मीटर टेस्टिंग के अलावा केबल कंडक्टर एवं सीटीपीटी की जांच भी की जाती है। वर्तमान में यहाँ पावर और डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफार्मर परीक्षण प्रयोगशाला का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

### सिंगल व थ्री फेस मीटर की होगी जांच

प्रयोगशाला में स्थापित नई स्मार्ट मीटर बेंच मशीनें जर्मनी की अत्याधुनिक जेरा कंपनी की हैं। प्रयोगशाला में एक थ्री फेस और एक सिंगल फेस बेंच लगाई गई है, जिससे सभी प्रकार के स्मार्ट मीटरों की जांच संभव होगी। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर, शिरीष शैलेट, मुख्य अभियंता एम जामुलकर, चंद्रकला गिडवानी, अतिरिक्त मुख्य अभियंता रश्मि वर्मा सहित अधीक्षण अभियंता आरके मिश्रा, जे जगन्नाथ प्रसाद, मनोज वर्मा, पीएल सिदार, आरके चन्द्राकर और कार्यपालन अभियंता अविनाश चौहान सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।



### पारदर्शिता और विश्वास बढ़ाने उठाया कदम

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता संजय खंडेलवाल ने कहा कि वर्तमान में स्मार्ट मीटरों की अनिवार्यता को देखते हुए उपभोक्ताओं में पारदर्शिता और विश्वास बढ़ाने के लिए यह कदम उठाया गया है। यदि किसी उपभोक्ता को अपने स्मार्ट मीटर की रीडिंग या कार्यप्रणाली पर संदेह है तो वे निर्धारित शुल्क जमा कर प्रयोगशाला में अपने मीटर की जांच करवा सकते हैं।

## वार्ड-4 : वार्डवासी हो रहे परेशान, नहीं हो रहा समस्याओं का समाधान

# नेहरू नगर में सीवरेज सिस्टम फेल बह रहा गंदा पानी, मरम्मत का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

वार्ड परिक्रमा

नेहरूनगर वार्ड 4 में सिवरेज सिस्टम की खराब स्थिति लोगों के लिए रोज की परेशानी बन गई है। यहां कई साल पहले बनाए गए सिवरेज लाइन का मेंटेनेंस समय पर नहीं हुआ, नतीजा यह है कि सिवरेज ओवरफ्लो होकर गंदा पानी सड़कों पर फैल रहा है। मोहल्ले के लोग मजबूरी में इसी गंदे पानी से होकर आवाजाही कर रहे हैं।

नगर निगम के जोन-1 अंतर्गत नेहरू नगर वार्ड 4 में रहने वाले परिवारों का कहना है कि बरसात न हो तब भी सड़कें पानी और गंदगी से भरी रहती हैं। बदबू के कारण घरों में खिड़कियां तक बंद रखनी पड़ती हैं। बच्चों और बुजुर्गों के लिए हालत और मुश्किल है। कई जगह फिसलन रहती है और बीमारी फैलने का डर बना हुआ है। वार्ड के कुछ प्रमुख रास्ते भी जर्जर हालत में पहुंच चुके हैं। जगह-जगह सड़क उखड़ी हुई है। वहीं कई नालियां टूटी पड़ी हैं, जिनकी मरम्मत अब तक नहीं कराई गई। स्थानीय लोगों का कहना है बार-बार शिकायत के बाद भी स्थायी समाधान नहीं निकला। वार्डवासियों ने नगर निगम से सिवरेज लाइन की साफ-सफाई, नियमित मेंटेनेंस और टूटी नालियों की मरम्मत की मांग की है।

## गंदे पानी की वजह से बढ़ रहा संक्रामक बीमारियों का खतरा







### गंदे पानी से होकर गुजरने को मजबूर लोग

सड़क 12 के निवासी अभिजित गोस्वामी ने बताया कि सिवरेज सिस्टम लंबे समय से परेशानी बना हुआ है। मेंटेनेंस की कमी के कारण सिवरेज लाइन फुल हो जाती है और उसका गंदा पानी सीधे सड़क पर बहने लगता है। इस वजह से लोगों को रोज इसी गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। अभिजित के अनुसार उन्होंने इसकी शिकायत नगर निगम में भी की, लेकिन जिम्मेदार अफसर इस मुद्दे को गंभीरता से नहीं ले रहे।



### ना निगम जागा, ना एसोसिएशन

समाजसेवी वीएन पांडेय ने बताया कि नेहरू नगर में सिवरेज ओवरफ्लो, गंदगी और खराब सफाई व्यवस्था को लेकर वार्डवासी नाराज हैं। लोगों का कहना है कि कई साल पुरानी सिवरेज लाइन मेंटेनेंस के अभाव में जाम हो गई है। उन्होंने कहा कि नेहरू नगर से नगर निगम को सबसे ज्यादा रेवेन्यू मिलता है, इसके बावजूद इस वार्ड की हालत दयनीय है। कई जगह सिवरेज जाम है, सफाई व्यवस्था कमजोर है और कई मूलभूत समस्याएं वर्षों से अटकी हुई हैं। वीएन पांडेय के अनुसार न केवल नगर निगम, बल्कि, जनप्रतिनिधि, नेहरू नगर रेसिडेंस एसोसिएशन और नेहरू नगर कमर्शियल कॉम्प्लेक्स एसोसिएशन के पदाधिकारी भी इस दिशा में सक्रिय नहीं दिखाई दे रहे। जबकि वार्ड का बड़ा हिस्सा व्यापारिक और घनी आबादी वाला क्षेत्र है।



### बरसात के दिनों में हालत और बदतर

वार्ड निवासी संदीप गुप्ता ने बताया कि सिवरेज का पानी लगातार सड़क पर बहता है, बदबू फैलती है और लोगों का निकलना मुश्किल हो जाता है। गंदे पानी के कारण बच्चों और बुजुर्गों के लिए सड़क पर चलना जोखिम भरा हो गया है। कई जगह फिसलन बनी रहती है और बीमारी फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। मोहल्ले के लोग चाहते हैं कि सिवरेज लाइन की सफाई के साथ नियमित मेंटेनेंस की व्यवस्था हो। बरसात के दिनों में हालत और बदतर हो जाती है।



## कंपनी में आईटीआई प्रशिक्षणार्थियों का ऑन द जॉब ट्रेनिंग कार्यक्रम प्रारंभ





डौंडीलोहारा। अंचल के प्रतिष्ठित औद्योगिक संस्थान निको माइनिंग कंपनी प्राइवेट लिमिटेड, गिधाली (जिला बालोद) में शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) डौंडीलोहारा एवं शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बालोद के प्रशिक्षणार्थियों के लिए ऑन द जॉब ट्रेनिंग (ओजेटी) कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। यह प्रशिक्षण दिसंबर 2025 से फरवरी 2026 तक संपन्न होना प्रस्तावित है। इस ओजेटी कार्यक्रम में विद्युतकार, फिटर एवं वेल्डर व्यवसाय के कुल 247 प्रशिक्षणार्थी शामिल हैं। प्रशिक्षण का शुभारंभ 08 दिसंबर 2025 को हुआ। प्रथम दिवस निको कंपनी के महाप्रबंधक श्री ललित दलवलकर ने प्रशिक्षणार्थियों से संवाद करते हुए ऑन द जॉब ट्रेनिंग के महत्व, वास्तविक कार्यक्षेत्र के अनुभव तथा कंपनी एक्ट से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। निको कंपनी की ओर से कोपेंद्र साहू, खिलेंद्र देवांगन, शैलेन्द्र दुबे, आदित्य सिंह, द्वारिका साहू, शशिकांत चौरसिया, अफरोज खान, सूरज साहू, विग्नेश कुमार, सूर्यकांत वर्मा एवं युवराज ठाकरे प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं।

वहीं आईटीआई डौंडीलोहारा की ओर से ओमप्रकाश देवांगन , पूषा लाल साहू, पदमा तिवारी, पूजा रानी, संजय भगत, डी.आर. मढ़रिया, आर.के. कोशले एवं नीरज कुमार उपस्थित रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम से प्रशिक्षणार्थियों को उद्योग आधारित व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त होगा, जिससे उनके कौशल विकास एवं रोजगार की संभावनाओं को मजबूती मिलेगी।

## गृह संपर्क अभियान में संघ के शताब्दी वर्ष का संदेश घर-घर दिया



डौंडीलोहारा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संघ द्वारा ब्लॉक के ग्राम टटेंगा, कसही एवं भरदा में व्यापक गृह संपर्क अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अभियान का उद्देश्य संघ के विचार, कार्यपद्धति एवं राष्ट्र निर्माण में उसकी भूमिका की जानकारी जन-जन तक पहुँचाना है।

गृह संपर्क अभियान के अंतर्गत ग्रामीणों को "आओ बनाए समर्थ भारत" विषयक पत्रक, भारत माता की तस्वीर तथा संघ का साहित्य भेंट किया जा रहा है। संपर्क के दौरान संघ की स्थापना, व्यक्तित्व निर्माण पर आधारित कार्यपद्धति, प्रथम सरसंघचालक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा संघ के विस्तार की अवधारणा, सेवा कार्य, शाखा प्रणाली, संघ गीत, सुभाषित, दायित्वों का निर्वहन तथा पाँच परिवर्तन के विषय में विस्तार से जानकारी दी जा रही है। साथ ही



हिंदू समाज को संगठित एवं सशक्त बनाने का आह्वान किया गया। इस अभियान के दौरान जनपद सभापति टूमन साहू एवं संघ कार्यकर्ता अजय पाठक द्वारा ग्राम सरपंच दीप्ति साहू, रमेश सोनवानी , किशोरी साहू सहित ग्राम के अन्य प्रतिष्ठित नागरिकों से संवाद किया गया। इस अवसर पर संघ की 100 वर्षों की यात्रा, समाज सेवा एवं राष्ट्र निर्माण से जुड़े कार्यों पर विस्तार से चर्चा हुई। गृह संपर्क अभियान को लेकर ग्रामीणों में उत्साह देखा गया तथा लोगों ने संघ के विचारों और सामाजिक कार्यों की सराहना की।

## जिला सहकारी केंद्रीय बैंक उपाध्यक्ष ने धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया



गुण्डरदेही। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के उपाध्यक्ष नरेश यदु ने बालोद जिले के ओड़ारसकरी, गब्दी, भिलाई, भरदाकला धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने समिति प्रबंधक से केंद्रों में की गई धान खरीदी, धान के उठाव एवं लिमिट के विषय में चर्चा की।

यदु ने खरीदी केंद्रों में किसानों को किसी प्रकार की व्यवहारिक दिक्कत ना हो इसके लिए समिति प्रबंधकों को निर्देश भी दिए। इस दौरान सेवा सहकारी समिति के प्राधिकृत अधिकारी गब्दी प्रदीप साड़ू, ओडारसकरी अनिल सोनी, भरदाकला बृजेश सोनी, चेमन सिन्हा, देवेंद्र यादव, उत्तम ठाकुर, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी रवि वर्मा, सृष्टि अग्निहोत्री, प्रबंधक सुदामा राम शिवाना, खेमराज सिंह, हुकुमचंद साहू, भोलाराम साहू, सेवंथ ठाकुर, गिरधारी सिंह सहित किसान उपस्थित थे।

## सेमरिया नाला पर पुल निर्माण कार्य में आई तेजी, जल्द पूरा होने की उम्मीद...





लाटाबोड़। बालोद ब्लॉक अंतर्गत ग्राम बोरी स्थित सेमरिया नाला पर पुल निर्माण के कार्य में तेजी आई है। जिसके बाद से कालम निर्माण के कार्यो में तेजी आई पुल निर्माण कर रहे मुंशी से मिली जानकारी अनुसार जुलाई 2026 तक पूरा होने की उम्मीद है। यह पुल लगभग सवा तीन करोड़ रुपये की लागत से बन रहा है। पुल निर्माण होने से बारिश में लोगों का आना जाना सुचारु रूप हो सकेगा। आसपास के लगभग 30 गांवों के हजारों ग्रामीणों को राहत मिलेगा। जिससे उन्हें जिला मुख्यालय आने-जाने के लिए लोगों को लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी और हर साल आने वाली बाढ़ की समस्या से मुक्ति मिलेगी।

## एसआईआर के तहत दावा-आपत्ति के दौरान प्रस्तुत दस्तावेजों का सत्यापन

# पात्र मतदाता का नाम न छूटे, गलत नाम न जुड़े : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

- कलेक्टर अभिजीत सिंह ने ली समय सीमा की बैठक

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कहा कि जिले में एसआईआर के अंतर्गत 23 दिसंबर को प्रारंभिक मतदाता सूची के प्रकाशन के साथ ही दावा आपत्ति का कार्य प्रारंभ हो गया है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में मैपिंग नहीं होने पर 40 हजार लोगों को नोटिस जारी किया गया है। जिन लोगों का नाम प्रारंभिक मतदाता सूची में नहीं आया है, उनसे फार्म 6 भरवाया जाना है। इस दौरान उन्हे आयोग द्वारा जारी 13 प्रकार के दस्तावेजों में से प्रमाण हेतु दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। प्रस्तुत दस्तावेज सत्यापन हेतु संबंधित विभाग के अधिकारी को ई-मेल के माध्यम से भेजे जाएंगे। सत्यापन पश्चात 5 दिवस के भीतर दस्तावेज संबंधित ईआरओ को वापस भेजना होगा।

कलेक्टर ने कहा कि अधिकारी यह विशेष ध्यान देवें कि पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में छूटने न पाएं, वहीं अपात्र व्यक्ति का नाम जुड़ने न पाए। कलेक्टर श्री सिंह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित अधिकारियों की बैठक में उक्त निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने लंबित समय सीमा प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने वन विभाग द्वारा संरक्षित वेट लैंड की जानकारी ली।





### स्वीकृत निर्माण कार्य समावधि में पूर्ण कराएं

निर्माण कार्य क्रियान्वयन एजेंसी विभागों से अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के स्वीकृत निर्माण कार्य समयावधि में शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने जिले में जल संचयन हेतु जल शक्ति अभियान की समीक्षा के दौरान कैच द रेन कार्यक्रम अंतर्गत विभागीय कार्यों को गूगल शीट में अपलोड कराने के निर्देश दिए। डीएमओ ने अवगत कराया कि धान खरीदी हेतु उपार्जन केन्द्रों में नए एवं पुराने बारदानों की पर्याप्त उपलब्धता है।

### आंगनबाड़ी में बच्चों का बनेगा आधार कार्ड

जिले के अंतर्गत 2.25 हेक्टेयर से कम क्षेत्रफल वाले चिन्हित वेट लैंड को संबंधित एसडीएम से एनओसी मिलने के पश्चात ही शासन स्तर पर भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीएम को संबंधित क्षेत्र में कोटवारी जमीन की बिक्री संबंधी जानकारी शीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसी प्रकार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को सिकलिंग की पहचान, वय वंदन एवं आयुष्मान कार्ड में प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निजी स्कूलों में स्कूली बच्चों के आधार कार्ड बनाने की प्रक्रिया में प्रगति लाने जिला शिक्षा अधिकारी को आवश्यक पहल करने कहा। उन्होंने अवगत कराया कि आंगनबाड़ी के बच्चों का भी आधार कार्ड बनाया जाना है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग कार्य योजना बनाकर ईडीएम से समन्वय के साथ बच्चों का आधार कार्ड बनाने की प्रक्रिया पूर्ण कराएं।

## 4 वार्डों में लगा स्वास्थ्य शिविर, 211 महिला व बुजुर्गों ने लिया लाभ



दुर्ग। नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत 4 मोबाइल मेडिकल यूनिट्स द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में स्वास्थ्य शिविर लगाए गए। ये शिविर वार्ड 25 ईएमए चौक ओम परिसर, वार्ड 3 मठपारा सारथी नगर, वार्ड 16 सिकोला बस्ती तथा भवानी चौक में आयोजित हुए।

शिविरों में हितग्राहियों के लिए आवश्यक स्वास्थ्य जांच की सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। जिनमें एचबी ए 1 सीए, हीमोग्लोबिन, बीपी, शुगर, ब्लड ग्रुप, होमोसिस्टीन, थायराइड, लिवर, किडनी फंक्शन, यूरिक एसिड, विटामिन बी 12 और क्रिएटिनिन जैसी जाँचें शामिल रहीं। शिविर का 211 मरीजों ने लाभ लिया। 96 जाँचें की गईं। मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना शहरी गरीबों के लिए सुलभ स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभा रही है। मोबाइल मेडिकल यूनिट में डॉक्टर, नर्स, फार्मासिस्ट और लैब तकनीशियन की तैनाती रहती है, जिससे वहीं पर जाँच, परामर्श और निःशुल्क दवाइयों का वितरण संभव हो पाता है। इससे लोगों को निजी क्लीनिकों के खर्च और दूर-दराज अस्पताल जाने की परेशानी से राहत मिली है। योजना के माध्यम से विशेष रूप से महिलाओं, बुजुर्गों, बच्चों और श्रमिक वर्ग को लाभ मिल रहा है। ब्लड प्रेशर, शुगर, एनीमिया जैसी समस्याओं की नियमित जांच और उपचार से स्वास्थ्य जागरूकता भी बढ़ रही है।

**खबर संक्षेप**

## नगपुरा में 12 जनवरी को होगा मंड़ई मेला

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम नगपुरा में आगामी 12 जनवरी को पारंपरिक मंडाई का भव्य आयोजन रखा गया है। इस आयोजन को लेकर गांव में उत्साह का माहौल बना हुआ है। मंडाई के अवसर पर ग्रामीण परंपराओं के अनुरूप पूजा-अर्चना के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों की सहभागिता रहने की संभावना है। मंडाई मेला आयोजन को लेकर की जा रही तैयारियों के संबंध में जानकारी देते हुए तोप सिंह धीमर ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मंडाई का आयोजन श्रद्धा और उल्लास के साथ किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों से इस आयोजन में शामिल होकर परंपरा को जीवंत बनाए रखने की अपील की है। मंडाई मेला ग्राम नगपुरा की सांस्कृतिक पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा मानी जाती है, जिसमें आसपास के गांवों के लोग भी बड़ी संख्या में शामिल होते हैं। आयोजन को सफल बनाने के लिए ग्रामवासियों द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं।

## विकसित भारत जी राम जी योजना ग्रामीण विकास में मील का पत्थरः जायसवाल

**डौंडीलोहारा।** भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री एवं राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य देवेन्द्र जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री



मोदी जी का विकसित भारत 2047 का सपना पूरा करने में /"विकसित भारत जी राम जी योजना/" एक अहम पहल साबित होगी। उन्होंने बताया कि यह योजना देशहित में ठोस और जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन योग्य है। जायसवाल ने कहा कि इस अधिनियम में मनरेगा से बेहतर विकास कार्य करने का प्रावधान है। मजदूरी अब 100 दिन के बजाय प्रतिदिन 125 दिन की जाएगी, हालांकि यह किसानी कार्य के दौरान लागू नहीं होगी, ताकि फसल बोवाई और कटाई के समय किसानों को पर्याप्त मजदूर मिल सकें। उन्होंने बताया कि योजना के तहत ग्रामीण मजदूरों को एक सप्ताह के भीतर मजदूरी सुनिश्चित की जाएगी, और यदि किसी कारणवश समय पर मजदूरी नहीं मिलती है, तो अतिरिक्त राशि का भुगतान किया जाएगा। योजना में प्रत्येक ग्राम के समग्र विकास, जल सुरक्षा, ग्रामीण अधोसंरचना, आपदा सुरक्षा और गरीबों के आजीविका संवर्धन का विशेष ध्यान रखा गया है। इसके अलावा, योजना के माध्यम से कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन और युवाओं के कौशल विकास जैसी गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। जायसवाल ने उम्मीद जताई कि इस अधिनियम से ग्रामीण क्षेत्रों में समुचित आर्थिक और सामाजिक विकास सुनिश्चित होगा।

### योजना : मनरेगा से भी बेहतर और प्रभावी है नया कानून

# विकसित भारत जी-राम-जी अधिनियम ग्रामीण विकास में बनेगा मील का पत्थर : रंजना साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद




■ समय पर भुगतान : मजदूरी का भुगतान अब 7 दिनों के भीतर सुनिश्चित

जिला भाजपा कार्यालय में विकसित भारत जी–राम–जी को लेकर प्रेस कांफ्रेंस आयोजित किया गया। प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष रंजना साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ग्रामीण विकास के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए विकसित भारत जी–राम–जी अधिनियम 2025 लाया गया है, जो देश के गांवों को विकसित बनाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

रंजना साहू ने कहा कि यह अधिनियम किसानों, मजदूरों और गरीबों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने याद दिलाया कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी ने संसद में अपने पहले भाषण में ही स्पष्ट किया था कि उनकी सरकार गरीबों के नाम समर्पित रहेगी और उसी भावना के अनुरूप घर–घर बिजली, शौचालय, आवास और जनधन खाते जैसी ऐतिहासिक योजनाएँ लागू की गईं। रंजना साहू ने कहा कि विकसित भारत जी–राम–जी अधिनियम मनरेगा योजना का उन्नत और अधिक प्रभावी रूप है, कई मायनों में इससे बेहतर है। मनरेगा में जहां 100 दिनों का रोजगार मिलता था, वहीं अब इस अधिनियम के तहत 125 दिनों के सुनिश्चित रोजगार की कानूनी गारंटी मिलेगी।

उपाध्यक्ष रंजना साहू ने स्पष्ट किया कि मजदूरी भुगतान अब सात दिनों के भीतर किया जाएगा। यदि निर्धारित समय सीमा में भुगतान नहीं होता है तो विलंबित भुगतान पर अतिरिक्त राशि मजदूर को दी जाएगी, जिसे मजदूरी पर ब्याज की तरह माना जा सकता है। उन्होंने कहा कि खेती–किसानी के कार्यों को सुरक्षित रखने के लिए भी अधिनियम में महत्वपूर्ण प्रावधान किया गया है। बुवाई और कटाई के समय 60 दिनों तक कार्य रोके जा सकेंगे, ताकि किसानों को पर्याप्त मजदूर उपलब्ध हों और कृषि गतिविधियां प्रभावित न हों। इससे ग्रामीण पलायन भी रुकेगा और कृषि उत्पादन को स्थिरता मिलेगी।

रंजना साहू ने कहा कि मनरेगा में पहले फर्जी मास्टर रोल, मशीनों के उपयोग और धांधली की शिकायतें मिलती थीं, जिन्हें यह नया अधिनियम स्वतः समाप्त करेगा। पारदर्शिता बढ़ेगी और वास्तविक मजदूरों को सीधे लाभ मिलेगा। यह अधिनियम ग्रामीण विकास में क्रांतिकारी परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत जी–राम–जी अधिनियम के अंतर्गत चार प्रमुख क्षेत्रें पर विशेष फोकस किया जाएगा। जल सुरक्षा, ग्रामीण अधोसंरचना, आपदा सुरक्षा और आजीविका संवर्धन। जल संरक्षण, नदी–नालों के सुधार, कटाव रोकने तथा सिंचाई संरचनाओं के विकास जैसे कार्य प्राथमिकता से कराए जाएंगे।

उन्होंने आगे कहा कि इस अधिनियम के माध्यम से कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन और कौशल विकास जैसी गतिविधियों को भी मजबूती मिलेगी। ग्रामीण स्तर पर रोजगार एवं सतत आय के नए अवसर सृजित होंगे और पीएम गति शक्ति जैसी राष्ट्रीय योजनाओं को भी इससे बल मिलेगा। यह अधिनियम गांवों में टिकाऊ विकास, स्थायी रोजगार और समृद्धि का नया अध्याय लिखेगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा प्रदेश मंत्री भाजपा जिला बालोद प्रभारी संध्या परगनिया, स्काउट गाइड मुख्य राज्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा, भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, स्काउट गाइड मुख्य जिला आयुक्त पूर्व प्रदेश मंत्री राकेश यादव, प्रदेश कार्य समिति सदस्य अभिषेक शुक्ला, विरेन्द्र साहू, महामंत्री राकेश छोटू यादव, तोमन साहू, जितेंद्र साहू, कार्यालय मंत्री विनोद जैन, मिडिया प्रभारी कमल पनपालिया उपस्थित थे।

# ग्राम गैजी में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा




ग्राम पंचायत गैजी में रविवार से सेजेस कुसुमकसा द्वारा आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर के उद्घाटन अवसर पर प्राचार्य सुनीता यादव ने विद्यार्थियों को सात दिनों तक नियमित रूप से सभी गतिविधियों में भाग लेने का आह्वान करते हुए कहा कि एनएसएस शिविर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है। उन्होंने शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक विकास के साथ आत्मिक शांति पर भी विस्तार से प्रकाश डालते हुए समाज, राष्ट्र तथा माता-पिता की सेवा को जीवन का प्रमुख कर्तव्य बताया। कार्यक्रम अधिकारी जनक साहू ने स्वामी विवेकानंद के विचारों को जीवन में उतारने की प्रेरणा देते हुए विद्यार्थियों से मन को एकाग्र कर अध्ययन करने तथा दृढ़ संकल्प के साथ जीवन पथ पर आगे बढ़ने का संदेश दिया। सहायक कार्यक्रम अधिकारी उमेश कुमार सिन्हा ने नैतिक, चारित्रिक एवं व्यवहारिक शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि जीवन में चरित्र का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा, "धन गया तो कुछ नहीं गया, सम्मान गया तो कुछ गया, लेकिन चरित्र गया तो सब कुछ चला जाता है, इसलिए चरित्र को सदैव मजबूत बनाए रखें। कार्यक्रम का सफल संचालन अनीता ठाकुर द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को समाज सेवा के कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा जरूरतमंदों की सहायता के लिए प्रेरित किया। शिविर के अंतर्गत एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा प्रतिदिन गांव की गलियों, मोहल्लों, चौक-चौराहों, नालियों, तालाबों, सार्वजनिक स्थलों एवं देव स्थलों की नियमित साफ-सफाई की जा रही है। रात्रि में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामवासियों का मनोरंजन किया जा रहा है। स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए बालोद से आए योगाचार्य द्वारा रोचक एवं प्रभावी ढंग से योगाभ्यास भी कराया जा रहा है। शिविर के सफल संचालन में डॉ. बी. मिश्रा, जोगेंद्र सिन्हा, अनिल सुधाकर, संजय, मंजू बैस, बेदबाई पिस्दा, नितिन जैन, मनीष जेठवानी, योगेश सिन्हा एवं सुरेंद्र देवांगन सहित अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत गैजी के सरपंच जनक लाल खांडे द्वारा शिविर को सफल बनाने के लिए निरंतर मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

# महाविद्यालय में वार्षिक स्नेह सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद






■ कुंवर सिंह ने युवाओं को शिक्षा और कड़ी मेहनत पर जोर देने का आह्वान किया

शासकीय शहीद कौशल यादव महाविद्याल गुण्डरदेही में वार्षिक स्नेह सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न हुआ। इस आयोजन में मुख्य अतिथि गुण्डरदेही विधानसभा के विधायक कुंवर सिंह निषाद उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत बालोद की अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने की।

समारोह का शुभारंभ माँ सरस्वती और शहीद कौशल यादव के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। इसके पश्चात महाविद्यालय के छात्र–छात्रओं ने छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति और आधुनिक कला का संगम प्रस्तुत किया। करमा, ददरिया और सुआ नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

वार्षिक प्रतिवेदन के बाद अतिथियों द्वारा शैक्षणिक सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों, खेलकूद प्रतियोगिता के विजेताओं और सांस्कृतिक गतिविधियों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र–छात्रओं को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विधायक कुंवर सिंह निषाद ने कहा युवा शक्ति ही देश और समाज का भविष्य है। शहीद कौशल यादव के नाम पर स्थापित यह महाविद्यालय क्षेत्र के युवाओं को न केवल शिक्षा बल्कि संस्कार भी दे रहा है। लक्ष्य निर्धारित कर कड़ी मेहनत करें, सफलता अवश्य मिलेगी।

जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि शिक्षा ही वह सशक्त माध्यम है जिससे समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। वार्षिक स्नेह सम्मेलन विद्यार्थियों की छिपी हुई प्रतिभा को निखारने का एक सशक्त माध्यम है। शिक्षा के साथ सह–शैक्षणिक गतिविधियों में भाग लेना व्यक्तित्व विकास के लिए अनिवार्य है। उन्होंने शहीद कौशल यादव के बलिदान को याद करते हुए युवाओं से राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने का आह्वान किया और महाविद्यालय के विकास के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में अध्यक्ष जनभागीदारी समिती अश्वनी यादव, अध्यक्ष नगर पंचायत गुण्डरदेही प्रमोद जैन, पूर्व अध्यक्ष जनभागीदारी समिती संजय साहू, पूर्व सरपंच अश्वनी सोनकर, प्राचार्य डॉ चन्दना बोस, प्रोफेसर केडी चावलो समस्त शिक्षक एवं विद्यार्थीगण , महाविद्यालय के जनभागीदारी सदस्य, स्थानीय जनप्रतिनिधि, महाविद्यालय के प्राचार्य, प्राध्यापक, कर्मचारी एवं छात्र–छात्रएं उपस्थित थे।

# स्वयंसेवकों ने कलंगपुर शिविर में किया गांव की सफाई एवं निस्तारी तालाब की मरम्मत

हरिभूमि न्यूज. बालोद/कलंगपुर




■ रात्रि में कवि सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के कवि, साहित्यकार और गीतकारों ने अपनी प्रस्तुतियां दी

राष्ट्रीय सेवा योजना शासकीय उच्चतर माध्यमिक कलंगपुर के स्वयंसेवकों ने सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन गांव के सभी वार्डों की सफाई किया तथा निस्तारी तालाब के पुरुष घाट, महिला घाट के कटीली झाड़ियों की कटाई, तालाब पार की सफाई की गई।

जिसमें ग्रामवासियों ने स्वयंसेवकों के कार्य को देख कर ग्राम पंचायत के सभी पदाधिकारी, मितानिन, स्वच्छता समूह का सहयोग प्राप्त हुआ, जिसके बाद बौद्धिक परिचर्चा में गुरुदेव वीरेंद्र देशमुख समाजसेवी एवं नाडी वैद्य ने बच्चों के लिए ज्ञानवर्धक बातें बताई तथा सफलता के गुण दिए और हमेशा विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच रखकर पढ़ाई करने का मंत्र बताए, सभी सभी विद्यार्थियों को पेन प्रदान किया गया तथा भोजन व्यवस्था के लिए 31 सौ सहयोग दिया और आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया साथ ही परीक्षेत्रीय साहू समाज महोत्सव के अध्यक्ष हरदेव लाल सार्वा भी उपस्थित थे।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्टाफ डीके साहू, यूके साहू, एचके साहू, एस सिंगारे, वाईके साहू ने भी बच्चों को ज्ञानवर्धक बातें बताएं, रात्रि में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया था। जिसमें छत्तीसगढ़ के कवि, साहित्यकार, गीतकार प्यारेलाल देशमुख, डिगेंद्र साहू, योगेश छत्तीसगढ़िया, डॉक्टर एसएल गंधर्व, श्रवण सोनी, केशव साहू, शिवकुमार अंगारे, नन्ही गायिका राष्ट्रीय स्तर के सुहानी साहू अर्जुंदा उपस्थित रहे। कवियों के कविता को श्रोताओं ने खूब सराहा और देर रात तक समा बांधे रखा। कवियों के कविता और रचना को सुनने के लिए पूरा गांव उमड पड़ा। जो ग्राम खपरी के लिए ऐतिहासिक था।कार्यक्रम में व्याख्याता आरएन साहू, शिक्षक केएल कुर्रे, व्यावसायिक शिक्षिका टी मिश्रा, व्याख्याता के महेश्वरी एवं दल नायक नितिश कुमार साहू, मीडिया प्रभारी कुसुम साहू, रौनक कुमार साहू, सोनिया साहू, सोमराज साहू, नूपुर साहू, तेजस्वी साहू एवं सभी विद्यार्थियों के उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# ग्राम औरी में सस्वर मानस दर्शन आज से, सांसद विजय बघेल करेंगे शुभारंभ

**जामगांव आर।** ग्राम औरी में 9 जनवरी से 11 जनवरी तक त्रि दिवसीय सस्वर मानस दर्शन का आयोजन मानस मित्र समिति एवं ग्रामवासियों द्वारा आयोजित किया गया है। कलश स्थापना एवं शोभा यात्रा दोपहर 1 बजे एवं मंत्रेच्चारण पंडित रमेश शर्मा के द्वारा किया जाएगा। 9 जनवरी को शुभारंभ समारोह के मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल होंगे। विशेष अतिथि जिला पंचायत सभापति कल्पना नारद साहू एवं नीलम राजेश चंद्राकर, जनपद सदस्य रामकुमार चंद्राकर, सोसायटी अध्यक्ष भगवान चंद्राकर, सरपंच मीनू राकेश शर्मा, ग्रामीण अध्यक्ष चंद्रिका चंद्राकर, सचिव द्वारिका साहू, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र साहू उपस्थित रहेंगे। 11 जनवरी को समापन समारोह के मुख्य अतिथि विधायक भूपेश बघेल होंगे। वि"ोश अतिथि जामगांव आर सरपंच रूपेंद्र शुक्ला, सरपंच मीनू राकेश शर्मा, कांग्रेस नेता उमाकांत चंद्राकर एवं बाघनदी थाना प्रभारी ढालसिह साहू समारोह में उपस्थित रहेंगे।

## ग्राम खपरी ब में मड़ई मेला11 को

**बालोद/सिकोसा।** ग्राम खपरी ब में 11 जानवरी रविवार को मड़ाई, मेला का आयोजन किया गया है। रात्रिकालीन में छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी कार्यक्रम रखा गया है। जहां गांव की मड़ाई में दुकानदार निःशुल्क दुकान लगा सकता है।

## पेज 9 के शेष

### धान उठाव में लापरवाही से ...

समिति से मिली जानकारी अनुसार 7 जनवरी तक मोटाधान 21166.80 क्विंटल ,पतला धान 33143.20क्विंटल व सरना धान 7729.60 क्विंटल की खरीदी की गई थी जिसमे कुल खरीदी गई धान 62039.60क्विंटल में मिलर्स द्वारा 10190 क्विंटल धान व संग्रहण केन्द्र में 4220 क्विंटल का उठाव किया गया और 47629.60क्विंटल धान खरीदी केंद्र के परिसर व परिसर के बाहर रखा गया है।

### राज्यपाल डेका आज नेशनल ...

इस 05 दिवसीय आयोजन के शुभारंभ एवं समापन अवसर पर मार्च पास्ट एवं क्लोजिंग सेरेमनी के अलावा एथेनिक फैशन शो, एडवेंचर एरिया, वॉटर स्पोर्ट्स, उप शिविर गतिविधियां, ओवरनाइट हाइक, बौद्धिक गतिविधियां, कैंप फायर, रोड कैम्प फायर, राज्य प्रदर्शनी, कैंप क्राफ्ट, आदिवासी कार्निवल, स्टेट गेट, राष्ट्रीय युथ डे, पायनियरिंग प्रोजेक्ट, मास ट्री प्लांटेशन, मार्च पास्ट, आपदा प्रबंधन, बैंड प्रतियोगिता, कलर पाटएँ, युवा सांसद, फॉक डांस, बैकवुडमेनें कुक, क्विज प्रतियोगिता आदि गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। जंबूरी स्थल में प्रतिभागियों एवं अधिकारी–कर्मचारियों तथा आगंतुकों को खाद्य एवं आवश्यक सामग्रियों की उलपब्धता सुनिश्चित कराने हेतु जंबूरी मार्केट का भी निर्माण किया गया है। इस जंबूरी मार्केट में रोजमर्रा के सामानों के अलावा दुग्ध सामग्री, फल, फास्ट फूड, प्रसाधन सामग्री, दवाइयां, सेनेटरी सामान आदि की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाएगी। इसके अलावा जंबूरी स्थल में शुद्ध पेयजल के लिए आरओ की सुविधा, टायलेट, बाथरूम के सेनेटेशन तथा पूरे आयोजन में अग्नि सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु अग्निशमन यंत्र के साथ विभाग के कर्मचारीगण तैनात रहेंगे। इसके साथ ही जंबूरी स्थल पर 30 बिस्तर वाला अस्थाई अस्पताल भी स्थापित की गई है। जिसमें 24 घण्टे डॉक्टर, नर्स एवं चिकित्सा कमएँ एम्बुलेंस आदि सुविधाओं के साथ उपलब्ध रहेंगे। इसके अलावा जंबूरी स्थल में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु पूरे समय पुलिस, यातायात एवं सुरक्षा रोवर्स सर्विस के जवान तैनात रहेंगे। इसके साथ ही पूरे आयोजन के दौरान एनडीआरएफ की टीम की तैनातगी भी की गई है।

### इनकी रहेगी ...

जनपद सदस्य कौशल्या रावटे, समाज सेवी डॉ. प्रदीप जैन, ग्राम पंचायत दुधली उप सरपंच मोहित देशमुख एवं अन्य अतिथिगण शामिल होंगे।

### सरपंच संघ ने 15वें वित्त एवं ...

मानदेय प्रतिमाह 4 हजार से बड़ाकर पद्रह हजार किया जाए एवं पचो का मानदेय प्रतिमाह 500 से बड़ाकर दो हजार किया जाए। सांसद एवं विधायक मद के कार्यो की दूसरी कि"त की राशि का भुगतान किया जाए। जिला खनिज न्याय निधि में 15 किलोमीटर एवं 25 किलोमीटर की क्षेत्रफल को बढ़ाकर बालोद तहसील के ग्राम पंचायतो को जोड़ा जाए। कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं भृत्य का मानदेय को शासन एवं जनपद पंचायत के द्वारा दिया जावे। निर्माण कार्यो की कन्टनजेंसी राशि को ग्राम पंचायत के हिस्से को दिया जाए। सभी ग्राम पंचायत के बंद पड़े बैको की राशि को ग्राम पंचायत के चालू खाता मे समायोजन किया जाए। मनरेगा के अंतर्गत विगत 2 वर्शो से निर्माण कार्यो की राशि को वेंडर के खाते में तत्काल जमा करे। प्रत्येक ग्राम पंचायत में स्थाई रूप से ग्राम पंचायत सचिव एवं रिक्त पंचायतो के लिए नए सचिव का भर्ती किया जावे।

### कलेक्टर मिश्रा ने धान ...

इस मौके पर मिश्रा ने किसानों से खरीदे गए धान का तौल कराकर प्रत्येक बोरों में धान की निर्धारित मात्र की जांच की। कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित किसानों से बातचीत कर धान खरीदी केन्द्र के व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने किसानों को केवल साफ–सुथरे एवं गुणवत्तायुक्त धान ही बिक्री हेतु धान खरीदी केन्द्र लाने की समझाईश दी। मिश्रा ने मौके पर उपस्थित अधिकारी–कर्मचारियों को धान खरीदी की निर्धारित तिथि 31 जनवरी तक शत प्रतिशत कृषकों के वास्तविक रकबे के आधार पर वास्तविक धान की समुचित खरीदी करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारी–कर्मचारियों को किसी भी स्थिति में कोचियों, व्यापारियों से धान की अवैध खरीदी नही करने के निर्देश भी दिए।

### 69 वर्षों बाद कबीर ...

सम्मान किया जाएगा। साथ ही समाज के अन्य प्रतिभावान लोगो का सम्मान होगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष सतीश साहू ने सभी स्वजातीय बंधुओ को कार्यक्रम मे शामिल होने अपील की है।

### उपाध्यक्ष यज्ञदत्त ने ....

गौरतलब हो कि दुगली का यह केंद्र वनवासियों, खासकर महिला स्व–सहायता समूहों को लघु वनोपज जैसे आंवला, तिखुर, शहद, जड़ी–बूटियां के संग्रहण, प्रसंस्करण, ग्रेडिंग, पैकिंग और विपणन का प्रशिक्षण देकर सशक्त बनाता है, जिससे उन्हें स्वरोजगार के अवसर मिलते हैं और उनकी आय बढ़ती है।

**तिखुर का एकमात्र प्रसंस्करण केंद्र दुगलीः** राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त उपाध्यक्ष शर्मा ने बताया दुगली केंद्र में तिखुर का प्रसंस्करण भी किया जाता है, जिसका भारतीय संस्—ति और धर्म में महत्वपूर्ण स्थान है, विशेषकर व्रत और उपवास के दौरान। यह मुख्य रूप से इसके पाक और औषधीय गुणों के कारण है, जो धार्मिक प्रथाओं के साथ अच्छी तरह से मेल खाते हैं।

**ये उत्पाद हो रहे तैयारः** वनोपज से स्व–सहायता समूह बड़ी मात्र में उत्पाद तैयार कर रहा है। आज बाजार में दुगली ब्रांड का शहद, आंवला, एलोवेरा, दोना–पत्तल, आवला कैंडी, बैचांदी, तीखुर उपलब्ध हैं। इन उत्पादों को प्रदेश के कई जिलों में सप्लाई किया जाता है। प्रोडक्ट की गुणवत्ता को इस तरह मेंटेन किया गया है कि लोग दुगली आकर भी सामान खरीदते हैं।

# कलेक्टर के निर्देश पर गुरूर के राईस मिलों का निरीक्षण धान के समय पर उठाव के लिए मिल संचालकों को निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार धान खरीदी केन्द्रों से समय पर धान के उठाव सुनिश्चित करने प्रशासनिक अमले के द्वारा निरंतर जिले के राईस मिलों की जांच कर राईस मिल में उपलब्ध धान एवं चावल का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत एसडीएम राम कुमार सोनकर ने राजस्व, खाद्य एवं कृषि उपज मंडी के अधिकारियों के साथ गुरूर विकासखण्ड के खेम ट्रेडर्स यूनिट वन उसना राईस मिल पुरूर का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध धान एवं चावल का भौतिक सत्यापन किया गया।

इस दौरान अधिकारियों के द्वारा खेम ट्रेडर्स यूनिट वन के परिसर में स्थित अरवा राईस मिल का भी जांच किया गया। इस मौके पर छत्तीसगढ़ विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों ने भी राईस मिल में विद्युत कनेक्शन के अलावा राईस मिल द्वारा समय पर बिजली बिल के अदायगी की जांच की गई। एसडीएम राम कुमार सोनकर ने राईस मिल संचालक को धान खरीदी केन्द्रों से समय पर धान के उठाव करने के निर्देश दिए हैं। इस मौके पर तहसीलदार हनुमंत श्याम सहित राजस्व, खाद्य एवं कृषि उपज मंडी के अधिकारी–कर्मचारीगण उपस्थित थे।

**संस्कार संस्कृत विद्यापीठ घोटिया विकास खंड- डौंडी जिला बालोद छ.ग**
**मो. न. 9755860588**

**विज्ञापन**

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के ज्ञापन क्र CSU / 36010 / 1012 / CG/S-1/2025-26 / 1614 के अनुसार संस्कार संस्कृत विद्यापीठ घोठिया विकास खंड डौंडी जिला बालोद छ.ग. मे संस्कृत शिक्षक की आवश्यकता है वेतनमान 20000 प्रति माह है। 23-01-2026 तक इच्छुक अभ्यार्थी ऑफलाईन आवेदन कर सकते है 24-01-2026 शनिवार को लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार सुबह 11 बजे होगी । नियम व शर्तें लागू होगी ।

**प्राचार्य**
**संस्कार संस्कृत विद्यापीठ घोटिया तह.- डौंडी जिला बालोद छ.ग**

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

## खबर संक्षेप

### हल्दी में 'रजत जयंती चावल उत्सव' का हर्षोल्लास के साथ शुभारंभ



**गुण्डरदेही।** ग्राम पंचायत हल्दी में शासकीय उचित मूल्य की दुकान पर रजत जयंती चावल उत्सव का शुभारंभ जनपद सदस्य व सभापति अश्वनी कुमार कटहरे एवं सरपंच बालिका मंडावी द्वारा हितग्राहियो को चावल वितरण कर किया गया। इस अवसर पर दुकान के संचालक नरेंद्र यादव, पूर्व सरपंच संध्या यादव व ग्राम पंचायत हल्दी के पंचगण व हितग्राही उपस्थित थे।

### साहू समाज ने राजिम भक्तिन माता की जयंती मनाई



**गुरूर।** ग्राम ठेकवाडीह में ग्रामीण साहू समाज द्वारा भक्तिन माता राजिम की जयंती मनाई गई। जयंती के अवसर पर माता राजिम के तैल चित्र पर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। ग्रामीण साहू समाज अध्यक्ष पूर्णोत्तम साहू ने कहा कि जिस तरह भक्तिन राजीव माता ने प्रभु का साक्षात दर्शन पाकर समाज के ऊपर आए संकट को दूर की, वैसे ही हम सभी प्रभु की भाव से ध्यान करें, संगठन ही साहू समाज की सबसे बड़ी शक्ति है, अतः आप सब संगठित होकर आगे बढ़े। इस अवसर पर उपाध्यक्ष भोज बाई साहू, कोषाध्यक्ष खिलावन साहू, संरक्षण रिखी राम साहू, मदन मोहन साहू, संगठन सचिव लोकेश्वरी साहू, सदन प्रभारी मोतीराम साहू अंकेक्षण जगन्नाथ साहू सहित भीखू राम साहू, ब्रज साहू, ईश्वर साहू, आसाराम साहू, केशव राम सहित अन्य सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

### ग्राम ठेकवाडीह में एक दिवसीय डे नाइट कबड्डी प्रतियोगिता 10 को

**गुरूर।** ग्राम ठेकवाडीह में शुभम कबड्डी क्लब एवं ग्रामवासी के सहयोग से 10 जनवरी शनिवार को एक दिवसीय डे नाइट कबड्डी प्रतियोगिता रखा गया है। जिसमें प्रथम पुरस्कार 4001 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 3001 रुपए, तृतीय पुरस्कार 2001 रुपए एवं चतुर्थ पुरस्कार 1001 रखा गया है।

### आईटीआई संजारी में 13 को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन

**डौंडीलोहारा।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था संजारी, जिला बालोद में जीनियस पावर इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से प्लेसमेंट कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह प्लेसमेंट कैंप 13 जनवरी 2026, मंगलवार को सुबह 10:00 बजे आयोजित होगा। प्लेसमेंट कैंप में विद्युतकार ट्रेड एवं 12वीं (कार्य अनुभव वाले अभ्यर्थी) पात्र होंगे। चयन प्रक्रिया में शामिल होने के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों को अपने समस्त आवश्यक दस्तावेजों की फोटोकॉपी साथ लाना अनिवार्य है। आवश्यक दस्तावेजों में 10वीं, 12वीं एवं स्नातक की अंकसूची, आईटीआई की अंकसूची, जाति एवं निवासी प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, तीन पासपोर्ट साइज फोटो, बैंक पासबुक, बायोडाटा (रिज्यूमे) शामिल हैं। साथ ही अभ्यर्थी के पास बाइक एवं वैध ड्राइविंग लाइसेंस होना अनिवार्य बताया गया है। संस्था प्रबंधन ने अधिक से अधिक पात्र युवाओं से प्लेसमेंट कैंप में उपस्थित होकर अवसर का लाभ उठाने की अपील की है। यह जानकारी संस्था प्रमुख, आईटीआई संजारी, जिला बालोद द्वारा जारी की गई।

## प्रवचन

### चरित्रवान जीवन जीने और नशे से दूर रहने की अपील

# भागवत में गौ सेवा व सनातन धर्म की रक्षा पर दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

भागवत कथावाचक दास बंटी गोपाल कुंभाज ने गौ माता की सेवा व संरक्षण पर जनमानस को श्री कृष्णा भगवान के जीवन चरित्र पर चित्रण करते हुए कहा भगवान गौ सेवा कर गौ माता के दूध, दही, पीकर के बड़े-बड़े असुरों का नाश कर धर्म की संस्थापना की। इस जगत में गीता जैसे पवित्र वाणी कहकर योगेश्वर पुरुष बन गए, गौ माता के अंगों पर 33 कोटी देवी देवताओं का वास होता है।

उन्होने कहा इसी गौ माता के दूध दही सेवन कर महर्षि दाधीची ऋषि ने अपनी अस्थियो का दान कर असुरों का विनाश करने में अपना अमूल्य योगदान दिया, गौ जब तक धरातल पर जीवित है तब तक यह पृथ्वी सुरक्षित है, जब–जब गौ माता का खून धरती पर गिरते रैहेगा सब मनुष्यों के सिर पर पाप का बोझ बढ़ाते रहेगा।

उन्होने कहा हम सब हम सब ऋषियों के संतान है, हमें बटना नहीं है, एक रहना है और एक रहेंगे तभी हमारा धर्म जीवित रहेगा, हम जीवित रहेंगे। आप धर्म की रक्षा करो धर्म आपकी रक्षा करेगा, धर्म से कोई बड़ी कोई जाति नहीं होती, दिया ही नहीं रहा तो बाती का क्या करोगे, जब सनातन धर्म ही नहीं रहा तो जाति का क्या करोगे, सतगुरु कबीर साहेब छत्तीसगढ़ के प्राण संत श्री गुरु घासीदास ने भी मनखे मनखे एक समान की शिक्षा देते रहे हैं। भगवान हमेशा स्वयं नहीं आते, धर्म रक्षा के लिए अपने भक्तों को भी भेजते हैं, कभी कबीर बनकर, रविदास बनकर, गुरु घासीदास बनाकर, गुरु गोविंद बनकर, विवेकानंद बनकर, राम—ष्ण बनकर संत महात्मा साधुओं के रूप में आते हैं। उन्होने कहा हमारे सनातन पर ईश्वर प्राप्ति के दो मार्ग बताए गए है, एक ज्ञान मार्ग, दूसरा भक्ति मार्ग, रास्ता सबका अनेक हो सकता है लेकिन मंजिल एक ही है, इसलिए आप अपने धर्म पर रहकर माता–पिता गुरु और चरित्रवान बने। कहा गया है धन गया कुछ गया, शरीर गया तो कुछ गया, पर चरित्र गया तो सब कुछ गया, सदा सत्य मार्ग पर चलना मांस, मदिरा, तंबाकू, गुटखा, बीड़ी ऐसी चीजों का भक्क्षण ना करना, जैसे खाओगे वैसे बनेगा मन, इसलिए सेवा करें, दीन दुखियों का बच्चों को पढ़ाये लिखाये, विद्वान, संस्कारवान बनाएं कुविचारों से बचाए, गलत संगतियों से बचाए, तब हमारा घर, परिवार, गांव, शहर सुरक्षित रहेंगे।

### सेवा, शिक्षा और संस्कार से समाज सशक्त होगा



### परमात्मा की प्राप्ति के लिए गुरु का सानिध्य आवश्यक : राजेश





**डौंडीलोहारा।** ब्लॉक के ग्राम गैजी की पावन धरा पर सिन्हा परिवार द्वारा आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिवस मानस किंकर एवं भगवताचार्य राजेश तिवारी ने गजेंद्र मोक्ष की प्रेरणादायी कथा का भावपूर्ण व आध्यात्मिक व्याख्यान प्रस्तुत किया। कथा के दौरान भगवताचार्य तिवारी ने कहा कि यदि जीवन में परमात्मा की प्राप्ति करनी हो तो भक्त रूपी गुरु की शरण में जाना अत्यंत आवश्यक है। गुरु के सानिध्य में रहकर ही जीव अपने अहंकार से मुक्त होकर भक्ति और साधना के मार्ग पर अग्रसर हो सकता है। उन्होंने गजेंद्र मोक्ष प्रसंग का उल्लेख करते हुए बताया कि गजेंद्र भगवान के अनन्य भक्त थे। वन में परिवार सहित विचरण करते समय जब वे सरोवर में जल पीने गए, तभी वहाँ रहने वाले मगरमच्छ ने उनके पैर को पकड़ लिया। गजेंद्र ने बहुत संघर्ष किया, परंतु संकट की घड़ी में परिवारजन, पत्नी, पुत्र और संबंधी सभी साथ छोड़कर चले गए। अंततः गजेंद्र ने पूर्ण श्रद्धा से परमात्मा को पुकारा। भक्त की पुकार सुनकर भगवान प्रकट हुए और सुदर्शन चक्र से मगरमच्छ पर प्रहार कर गजेंद्र को मुक्त कराया। आध्यात्मिक दृष्टिकोण से इस प्रसंग की व्याख्या करते हुए उन्होंने कहा कि मगरमच्छ ने भी अपनी मुक्ति के लिए युक्ति खोज ली थी। भगवान के भक्त के माध्यम से उसे भी मोक्ष प्राप्त हुआ, वहीं गजेंद्र भगवान के प्रिय भक्त बन गए। इस प्रसंग से यह संदेश मिलता है कि गुरु और भक्ति के सानिध्य में रहकर की गई साधना से जीव का कल्याण निश्चित है।

## ग्राम चिंगरी में 21 को होगा भव्य मातर चौतरा मड़ई मेला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम चिंगरी में मातर चौतरा नया जगह पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य मंडई मेला का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया जा रहा है। यह पारंपरिक मेला 21 जनवरी को आयोजित होगा, जिसमें आसपास के ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु, ग्रामीण एवं दर्शक शामिल होने की संभावना है।

- उड़ीसा की प्रसिद्ध नाच पार्टी रहेगी आकर्षण

मड़ई मेला ग्रामीण संस्कृति, परंपरा और आपसी सौहार्द का प्रतीक माना जाता है। मेले के दौरान दिनभर पूजा-अर्चना, पारंपरिक रीति-रिवाजों का पालन किया जाएगा, वहीं बच्चों और महिलाओं के लिए विभिन्न मनोरंजक गतिविधियां, झूले, खेल-तमाशे तथा दुकानें आकर्षण का केंद्र रहेंगी। ग्रामीण बाजार जैसा माहौल बनने से स्थानीय लोगों को खरीदारी का भी अवसर मिलेगा।

इस अवसर पर रात्रिकालीन कार्यक्रम के अंतर्गत मोर मयारू नाच पार्टी साराबोग जिला (उड़ीसा) वालों का प्रसिद्ध नाच पार्टी आयोजित किया गया है। उड़ीसा की यह नृत्य मंडली अपनी रंग-बिरंगी वेशभूषा, लोकगीतों और आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियों के लिए जानी जाती है। आयोजक समिति द्वारा कार्यक्रम की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। यह मड़ई मेला न केवल मनोरंजन का साधन है, बल्कि ग्रामीण संस्कृति और परंपराओं को जीवंत बनाए रखने का एक महत्वपूर्ण माध्यम भी है।

## ग्राम नेवारीकला में कल मड़ई मेला व 10 को होगा कबड्डी व चौसर प्रतियोगिता



**बालोद।** नव ज्योति क्लब नव युवक मंडल कब्बड्डी दल ग्राम नेवारीकला के द्वारा एक दिवसीय कब्बड्डी एवं चौसर प्रतियोगिता का आयोजन 10 जनवरी को किया गया है। जहां 09 जनवरी को ग्राम में मंडई मेला का आयोजन किया गया है। जिसके रात्रि में छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी का कार्यक्रम रखा गया है। जिसके तहत कब्बड्डी प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 5001 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 3001 रूपये, तृतीय पुरस्कार 2001 रूपये, चतुर्थ पुरस्कार 1001 रूपये रखा गया है।

वही अन्य आकर्शक पुरस्कार भी रखे गए है तथा चौसर प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 5001 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 3001 रूपये, तृतीय पुरस्कार 2001 रूपये, चतुर्थ पुरस्कार 1001 रूपये रखा गया है। समिति में अध्यक्ष चीमन लाल साहू, उपाध्यक्ष लवेन्द्र साहू, कोशाध्यक्ष डोमेन्द्र तुमरेकी, सचिव रूपेश तुमरेकी, सदस्य टोमेश, मोहनीश, कल्याण, अभय, निखित, राकेश, किशोर, यमन, जागृत, राहुल, पंकज, रिंकु, देवेन्द्र, हनीस, लक्की, पुष्पेन्द्र, नमन, धीरज, पुष्पेन्द्र, राहुल, जयकिशन, लोकनाथ, सोनू, विशाल, आशीश, शैलेन्द्र, सरजू, मीलू, रविन्द्र, डॉ दानेश, लोकेन्द्र, मुकेश, मोहन, पालू, प्रहलाद, खोमन, गोलू, तुलसी, गणेश, योगेन्द्र, नोहर, छत्रपाल, महेश, कामदेव तथा ग्रामीण उपस्थित रहेगे।

## परेंगुड़ा में 7 दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर का हुआ शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी मध्य विद्यालय बालोद के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम परेंगुड़ा में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया है।

- उद्घाटन समारोह में जनपद अध्यक्ष सरस्वती टेमरिया रहीं मुख्य अतिथि

शिविर स्थापना एवं उद्घाटन समारोह में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अध्यक्ष जनपद पंचायत बालोद सरस्वती टेमरिया थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत परेंगुड़ा सरपंच मालती भुसाखरे ने किया। विशेष अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत हथौद लता सांगरे, पंच महेंद्र ताराम, कृष्णा मंडावी, सोनई बाई नेताम, योगेश्वरी मंडावी, संस्था के प्राचार्य अरुण कुमार साहू, व्याख्याता थानसिंह मांडवी, व्याख्याता द्वारिका प्रसाद सिन्हा, प्रधान पाठक परेंगुड़ा परस राम निषाद उपस्थित थे। संस्था के प्राचार्य अरुण कुमार साहू के उद्घ्घाटन भाषण के साथ हुआ, उन्होंने कहा कि इस गांव में अनुशासन बनाये रखते हुए कार्य करेंगे स्कूल के नाम को और स्वयं अपने नाम को आगे लाने प्रेरित किया तत्पश्चात कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत सरपंच मालती भूसाखरे द्वारा हमारे बच्चों को अपने गांव में अनुशासन बनाए रखने व सेवा कार्यों में गांव के लोगों की भागीदारी भी सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम मुख्य अतिथि सरस्वती टेमरिया द्वारा बच्चों को पौधारोपण एवं जल संरक्षण की महत्ता को बताते हुए अनुशासन पर जोर देते हुए बच्चों को मार्गदर्शन दिया तत्पश्चात हमारे संस्था के व्याख्याता मनोरमा कुंभज द्वारा आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन और सात दिवसीय विशेष शिविर का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी हरिश्चन्द्र पटेल व्यख्याता के द्वारा किया जा

## कलंगपुर में दो दिवसीय सस्वर मानसगान सम्मेलन आयोजित

**बालोद/कलंगपुर।** ग्राम विकास समिति जय बजरंग मानस मंडली एवं ग्रामवासी कलंगपुर के तत्वावधान में 10 एवं 11 जनवरी को दो दिवसीय सस्वर मानसगान सम्मेलन का आयोजन स्थानीय बस स्टैंड स्थित मानस मंच पर रखा गया है, जिसमें छत्तीसगढ़ अंचल की ख्याति प्राप्त मानस मंडलीयों की आगमन होगा। मानसगान सम्मेलन का शुभारंभ व दीप प्रज्वलन 9 जनवरी शुक्रवार को भगवान रामचन्द्र जी की शोभायात्रा के साथ किया जाएगा।

जिसमे दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे एवं शाम 5 बजे से स्थानीय जय अम्बे मानस मंडली की प्रस्तुति होगी। शुभारंभ अवसर पर आमंत्रित अतिथियों एवं आत्मीय जनों के स्मृति पर परिवार वालों की उपस्थिति में मानसगान सम्मेलन का शुभारंभ किया जायेगा। कार्यक्रम में मंच उदघोषक मौसमी साहू ग्राम डोटोपार एवं सह उदघोषक दिलीप कुमार कुल्हारे होंगे। साथ ही मानसगान सम्मेलन के समापन अवसर पर 11 जनवरी रविवार को रात्रिकालीन कार्यक्रम नवज्योति आदर्श रामधुनी मंडली जगनाथपुर सांकरा की प्रस्तुति रखी गई है।

## ओड़ारसकरी में सस्वर मानसगान सम्मेलन कल

**अंडा।** ग्राम ओड़ारसकरी (अर्जुन्दा) में दो दिवसीय सस्वर मानसगान सम्मेलन का पावन आयोजन रखा गया है, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालुओं एवं गणमान्य नागरिकों को सादर आमंत्रित किया गया है।

यह धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन दिनांक 10 जनवरी 2026, शनिवार को सुबह 9 बजे से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम के प्रथम दिवस में मुख्य अतिथि के रूप में तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर, अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनिल सोनी, सरपंच ग्राम पंचायत ओड़ारसकरी द्वारा की जाएगी। वहीं विशेष अतिथि के रूप में पुरुषोत्तम चंद्राकर, अध्यक्ष जनपद पंचायत गुण्डरदेही शामिल होंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथिगण के रूप में मीना उमाशंकर साहू (सदस्य जिला पंचायत बालोद), नितीश मोन्टी यादव विश्वास गुप्ता, धारा पंकज चौधरी, जे.आर. सिन्हा , नरेन्द्र यादव चेमन सिन्हा सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहेंगे। द्वितीय दिवस के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सी.एल. देवांगन होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता व्ही.एस. मरकाम करेंगे। विशेष अतिथि के रूप में आर.एस. यादव तथा विशिष्ट अतिथि कुशाल ठाकुर उपस्थित रहेंगे। साथ ही चेतन यादव, बुधारु राम ठाकुर, अमर लाल सिन्हा, होमन लाल देशमुख सहित अन्य गणमान्य नागरिक भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। इस आयोजन का सफल संचालन शांति निकेतन युवा समिति द्वारा किया जा रहा है। आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

## कलेक्टर के निर्देश पर गंगोत्री राइस मिल का आकस्मिक निरीक्षण





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नूतन कंवर द्वारा जिला मुख्यालय बालोद के गंगोत्री राईस मिल बालोद का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस मौके पर तहसीलदार आशुतोष शर्मा सहित कृषि उपज मंडी एवं विद्युत विभाग के अधिकारी–कर्मचारीगण उपस्थित थे। तहसीलदार आशुतोष शर्मा ने बताया कि जांच के दौरान पाया गया कि मिल संचालक के द्वारा अपनी क्षमता के अनुरूप धान उठाव हेतु रिक्वेस्ट नही डाला जा रहा है। उन्होंने बताया कि मिलर को 6666 क्विंटल धान के उठाव हेतु रिक्वेस्ट डाला जाना था। परंतु उनके द्वारा सिर्फ 4380 क्विंटल धान का ही रिक्वेस्ट डाला गया। इस पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नूतन कंवर ने मिल संचालक को कड़ी चेतावनी देते हुए मौके पर ही 2280 क्विंटल धान के उठाव हेतु रिक्वेस्ट डलाया गया। कंवर ने भविष्य में ऐसी स्थिति पाए जाने पर राईस मिल के विरूद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई करने के निर्देश भी मौके पर उपस्थित अधिकारियों को दिए। इस मौके पर विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा राईस मिल में विद्युत कनेक्शन तथा समय पर बिजली बिल अदायगी के संबंध में जांच की गई।

- धान उठाव में कमी पर मिल संचालक को दी चेतावनी

इस दौरान सहायक खाद्य अधिकारी संतोष कुमार, मंडी निरीक्षक जितेन्द्र जुंगेले, राजस्व निरीक्षक दयालु राम सागर, विद्युत विभाग के कनिष्ठ अभियंता आरके कंवर सहित अन्य अधिकारी–कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## ग्राम परसदा (डगनिया) में रामायण आयोजन की तैयारियां तेज, महिला समूह ने संभाली जिम्मेदारी





**अंडा।** अंडा क्षेत्र के ग्राम परसदा (डगनिया) में प्रस्तावित 10 जनवरी से रामायण आयोजन की तैयारियां जोर-शोर से शुरू कर दी गई हैं। आयोजन को लेकर गांव में उत्साह का माहौल है और इसकी तैयारियों की जिम्मेदारी मुख्य रूप से महिला समूह द्वारा निभाई जा रही है। तैयारी के तहत रामायण स्थल पर रंग-रोगन एवं साफ-सफाई का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य में सत्यवती साहू, भावना साहू, माया साहू, गीतेश्वरी साहू एवं निधि साहू, खेलन सिरमौर, अमरीका टंडन,सोमन, सविता भारती, अमरौतिन, ललिता यादव, इंद्राणी मनहरे ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए पूरे मनोयोग से कार्य किया। महिलाओं की मेहनत से आयोजन स्थल सुंदर और आकर्षक रूप ले रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि महिला समूह की सहभागिता से न केवल आयोजन की व्यवस्था बेहतर हो रही है, बल्कि गांव में सामूहिक सहयोग और सांस्कृतिक चेतना भी मजबूत हो रही है। रामायण आयोजन को सफल बनाने के लिए गांव के अन्य लोग भी सहयोग कर रहे हैं। आयोजकों के अनुसार, सभी तैयारियां समय पर पूर्ण कर ली जाएंगी ताकि रामायण कार्यक्रम भक्ति, श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हो सके।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com

स्लीपर मात्र 10,900/-
स्पेशल ट्रेन
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी, कोलकाता
(दक्षिणेश्वर काली मंदिर, कालीघाट काली मंदिर, बेलूर मठ)
ऑफर राशि : स्लीपर 10,900/-, 3 एसी-18,500/-, 2 एसी 23,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:- 7354-411411


स्वामी जी-93406-38884
सारे तीरथ बार बार ... गंगा सागर एक बार
4 फरवरी 2026
11 दिन की यात्रा
By Train-रिजर्वेशन कोच
गंगा सागर तीर्थ यात्रा
गंगा सागर, कामाख्या देवी, बाबा बैजनाथ धाम, श्रीजगन्नाथ पुरी, कलकत्ता, कालीघाट, दक्षिणेश्वर काली मंदिर, लिंगराज, कोणार्क, कपिल मुनि मंदिर, साक्षी गोपाल, नवग्रह, भीमाशंकर, गुवाहटी
राशिः स्लीपर-18501/- ऑफर 17,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)